

भारत की जनगणना 1981

शृंखला 18

राजस्थान

1981 का प्रथम पत्र—पूरक पुस्तिका

जनसंख्या के अनन्तिम आंकड़े

ईश्वरचन्द्र श्रीवास्तव
आई. ए. एस.
निदेशक
जनगणना आयोजन, राजस्थान

प्रस्तावना

जनगणना कार्य की समाप्ति के तुरन्त पश्चात् दिनांक 23 मार्च, 1981 को जनगणना 1981 का प्रथम-पत्र प्रकाशित किया गया । प्रस्तुत पुस्तिका उक्त प्रकाशन का पूरक प्रकाशन है । इस पुस्तिका के द्वारा हम प्रथम-पत्र में प्रकाशित की गई सूचनाओं की ही पूरक सूचनाओं को प्रकाशित कर रहे हैं । किन्तु पूर्व प्रकाशित प्रथम-पत्र की भांति ही इस पुस्तिका में दिए जा रहे आंकड़े भी अनन्तिम हैं । अतः 1982 के मध्य तक समाप्त होने वाले सारणीयन कार्य के पश्चात् इनमें कुछ परिवर्तन की संभावनाएं हैं ।

जनगणना 1981 के सफल आयोजन में जनगणना निदेशालय को राजस्थान सरकार द्वारा दिए गए पूर्ण सहयोग एवं सहायता के लिए मैं हृदय से आभार प्रकट करता हूं । विशेषरूप से, माननीय मुख्यमंत्री महोदय श्री शिवचरण माथुर एवं मुख्य सचिव महोदय श्री एम० एम० के० वली द्वारा समय-समय पर दी गई अमूल्य सहायता एवं मार्गदर्शन के लिए मैं उनका हृदय से आभारी हूँ । राज्य सरकार के विभागों जैसे—सामान्य प्रशासन विभाग, शिक्षा विभाग, सामुदायिक विकास विभाग, आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय, जनसंपर्क निदेशालय, मुद्रण एवं लेखन सामग्री निदेशालय एवं कार्मिक विभाग का विशेष उल्लेख आवश्यक है, जिन्होंने इस वृहद् कार्य में प्रत्येक स्तर पर हमें सहयोग प्रदान किया । जनगणना कार्य के सफल आयोजन एवं पर्यवेक्षण की दृष्टि से जिलाधीशों ने अपनी विभिन्न प्रकार की जिम्मेदारियों के बावजूद अत्यन्त निर्णायक भूमिका अदा की। जिलाधीशों के सहायकों के रूप में अतिरिक्त जिलाधीश, उपखण्ड अधिकारियों, तहसीलदारों, नगरपालिका अधिकारियों एवं अन्य चार्जों के अधिकारियों ने अपनी पूर्ण योग्यता एवं निष्ठा से कार्य किया है । 1981 की जनगणना की पूर्ण सफलता के लिए सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों ने समस्त क्षेत्र कार्य के दौरान अथक परिश्रम किया । मैं इन सबके प्रति आभार प्रकट करता हूँ ।

मैं, भारत के महापंजीकार महोदय श्री पी० पद्मनाभ के प्रति भी आभारी हूँ जिन्होंने इस जनगणना आयोजन के प्रत्येक चरण को मूर्तरूप देने के लिए सदैव हमारा उत्साहवर्धन किया तथा इन्हीं की निरंतर सहायता के फलस्वरूप कार्य में अधिक गतिशीलता आई ।

उपमहापंजीकार महोदय श्री वी० पी० पाण्डे, श्री के० के० चक्रवर्ती एवं उनके सहकर्मी भी धन्यवाद के पात्र हैं जिन्होंने हम सबको तत्परतापूर्वक एवं समय रहते प्रशासनिक सहयोग दिया ।

इस निदेशालय एवं क्षेत्रीय जनगणना कार्यालयों में कार्यरत मेरे सहकर्मियों ने भी अपूर्व उत्साह एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया जिसके फलस्वरूप इस वृहद् कार्य को आसानी से और सफलतापूर्वक सम्पन्न किया जा सका ।

क्षेत्रीय जनगणना अधिकारियों के रूप में राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का विशेष उल्लेख आवश्यक है जिन्होंने पूरे क्षेत्र कार्य के दौरान पूरी लगन एवं मेहनत से कार्य किया, कभी-कभी तो इन्हें अत्यधिक विपरीत परिस्थितियों में भी कार्य करना पड़ा ।

इस दस वर्षीय जनगणना, जिसमें हम सभी की गणना करते हैं और जहां सभी व्यक्ति महत्वपूर्ण हैं, की पूर्णता में राज्य के सभी लोगों ने चाहे वह वृद्ध हों या युवा, पुरुष हों या स्त्री, बच्चे हों या विकलांग, हमें सभी से पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ ।

जयपुर
2 अक्टूबर, 1981

ईश्वरचन्द्र श्रीवास्तव
निदेशक, जनगणना आयोजन,
राजस्थान, जयपुर ।

इस प्रकाशन से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची

मानचित्र एवं मुद्रण	
श्री एस० आर० लुहाड़िया	उपनिदेशक
श्री एम० एल० कुमावत	वरिष्ठ भूगोलविद
श्री एम० एम० गोयल	अन्वेषक
श्री डी० एल० वर्मा	कलाकार
श्री हसन मोहम्मद	मुद्रण निरीक्षक
श्री रमाकान्त शर्मा	त्रुटिशोधक
श्री साईमन पाल	त्रुटिशोधक
श्री सार्दुल सिंह	प्रारूपकार
श्री महावीर सिंह	प्रारूपकार
श्री पी० के० शर्मा	प्रारूपकार
श्री किशन सिंह चौहान	हे० प्रे० म० चालक
श्री अल्लादीन खान	टेबूलेटर
आंकड़े संयोजन एवं निष्कर्षण	
श्री रमेश चन्द्र भार्गव	सहायक निदेशक
श्री रामनारायण वर्मा	अन्वेषक
श्री नरेन्द्र कुमार बज	अन्वेषक
श्री कुंज बिहारी शर्मा	सांख्यिकी सहायक
श्री देवकी नन्दन पारीक	सांख्यिकी सहायक
श्रीमती चारु माथुर	सांख्यिकी सहायक
श्री प्रभात चन्द्र चतुर्वेदी	गोपनीय सहायक
श्री सुरेश चन्द्र सैनी	संगणक
श्री स्वतंत्र कुमार अजमेरा	सहायक संगणक
श्री उमेश खटाणा	टेबूलेटर
हिन्दी अनुवाद	
श्री दिलीपसिंह चन्द्रावत	हिन्दी अनुवादक
हिन्दी टंकण	
श्री खुशाल श्यामलानी	प्रचालक
श्री मांगीलाल मेनारिया	प्रचालक

अनुक्रमणिका

पृष्ठ

प्रस्तावना . . . . . (iii)

परिचयात्मक टिप्पणी . . . . . (vii)

आंकड़े एक नजर में . . . . . (viii)

जनगणना के परिणाम – तथ्यात्मक आंकड़े

1. ग्रामीण एवं नगरीय जनसंख्या 1
2. नगरीयकरण 3
3. जनसंख्या वृद्धि दर 6
4. स्त्री/पुरुष अनुपात 9
5. साक्षरता 11
6. कार्यरत जनसंख्या 14
7. विकलांग जनसंख्या 17

विवरण तालिकाएं

1. जनसंख्या के ग्रामीण एवं नगरीय घटक—भारत एवं राज्य/संघ शासित क्षेत्र 18
2. जिलावार अधिकतम एवं न्यूनतम वृद्धि दर वाली तहसीलें एवं नगर 19
3. जिलावार अधिकतम एवं न्यूनतम स्त्री/पुरुष अनुपात वाली तहसीलें एवं नगर 20
4. जिलावार अधिकतम एवं न्यूनतम साक्षरता दर वाली तहसीलें एवं नगर 21
5. कार्य-सहभागिता दर : 1961-81 23

जनसंख्या की अनन्तिम सारणियां : 25

सारणी 1.—जनसंख्या के ग्रामीण एवं नगरीय घटक 27

सारणी 2.—शहरों नगरीय अपवृद्धियों एवं नगरों की जनसंख्या वृद्धि दर 28–34

सारणी 3.—नगरों के आकार वर्ग के अनुसार नगरीय जनसंख्या 35

सारणी 4.—मुख्य कार्यरत जनसंख्या का वितरण 36

सारणी 5.—मुख्य कार्यरत जनसंख्या का कृषकों, खेतिहर मजदूरों, पारिवारिक उद्योगों में लगी जनसंख्या एवं अन्य कार्यरत जनसंख्या में वितरण 38–41

सारणी 6.—विकलांग जनसंख्या एवं उनका वर्गीकरण 42–61

प्राथमिक जनगणना सार—प्रथम एवं द्वितीय भाग 62–145

मानचित्र एवं चित्र 146

परिचयात्मक टिप्पणी

हमारे प्रथम प्रकाशन, "जनगणना 1981 का प्रथम पत्र " में जनसंख्या का घनत्व, जनसंख्या वृद्धि दर, स्त्री/पुरुष अनुपात और साक्षरता के संबंध में राज्य स्तरीय मूलभूत आंकड़ों के अतिरिक्त जिला स्तर की निम्नलिखित सारणियों को भी सम्मिलित किया गया था :—

सारणी 1.—जनसंख्या का वितरण, स्त्री/पुरुष अनुपात, जनसंख्या वृद्धि एवं जनसंख्या का घनत्व ।

सारणी 2.—1901 से जनसंख्या में दशकीय परिवर्तन ।

सारणी 3.—साक्षरता (आयुवर्ग 0–4 की जनसंख्या सहित)

सारणी 4.—एक लाख एवं अधिक जनसंख्या वाले शहरों/नगरीय अपवृद्धियों का विवरण ।

प्रस्तुत प्रथम पत्र की पूरक पुस्तिका के प्रकाशन के साथ ही अनन्तिम आंकड़ों के योग प्रकाशित करने की समाप्ति हो गई है । इन प्रकाशनों के द्वारा राज्य सरकार एवं स्थानीय प्राधिकरणों सहित विभिन्न आंकड़े उपयोक्ताओं की तत्काल मांगों की पूर्ति की जा सकेगी । जिला जनगणना पुस्तिकाओं के प्रकाशन में करीब दो वर्ष का समय लगेगा क्योंकि ये पुस्तिकायें जनगणना के अन्तिम आंकड़ों पर आधारित होंगी तथा ये आंकड़े प्रत्येक ग्राम के मूलभूत जनसंख्या आंकड़ों से तैयार किए गए प्राथमिक जनगणना सार पर आधारित होंगे । करीब 1500 से अधिक टेबूलेटर एवं अन्य पर्यवेक्षीय स्टॉफ विभिन्न प्रशासनिक इकाइयों के अन्तर्गत जनगणना आंकड़ों के शुद्धिकरण एवं अन्तिम रूप देने के साथ-साथ अन्य आवश्यक सूचनाओं के संकलन एवं तैयारी में लगे हुए हैं ।

प्रस्तुत पुस्तिका "1981 के प्रथम पत्र की पूरक पुस्तिका" में हमारी जनसंख्या के ग्रामीण एवं नगरीय घटकों के साथ-साथ जनसंख्या के नगरीयकरण की प्रवृत्ति, वृद्धि दरों एवं साक्षरता दरों के अध्ययन एवं विश्लेषण का प्रयास भी किया गया है । कार्यरत जनसंख्या एवं कार्य सहभागिता दरों के आर्थिक आंकड़ों को 1971 के इन्हीं आंकड़ों से तुलनात्मक रूप में भी प्रस्तुत किया गया है। हम आशा करते हैं कि इस प्रकाशन में प्रस्तुत किए जा रहे जिलावार विभिन्न वर्गीकरणों में वितरित कार्यरत जनसंख्या, यथा कृषक, खतीहर मजदूर पारिवारिक उद्योगों में लगी कार्यरत जनसंख्या तथा अन्य कार्यों में लगी जनसंख्या से संबंधित आंकड़े विभिन्न सरकारी विभागों एवं स्थानीय प्राधिकरणों में लगे आयोजकों द्वारा विभिन्न प्रशासनिक इकाइयों में रह रहे लोगों की तात्कालिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने में विशेष रूप से सहायक सिद्ध होंगे ।

विकलांगों की 3 श्रेणियां—पूर्णतः अंधे, अपंग तथा गूंगों के संबंध में सूचनाएं 50 वर्षों के अन्तराल के पश्चात् नए सिरे से एकत्रित की गई हैं ताकि विकलांगों की उन्नति एवं कल्याण के लिए कार्य किए जा सके । वैसे भी 1981 का वर्ष, अन्तर्राष्ट्रीय विकलांग वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है । ये सूचनाएं तहसील एवं नगर स्तर तक प्रस्तुत की जा रही हैं।

सारणियों से पहले दी जा रही विश्लेषणात्मक टिप्पणी के द्वारा इन सारणियों में प्रस्तुत सूचनाओं को समझने के लिए आधार एवं पृष्ठभूमि तैयार की गई है। इस पुस्तिका में कुछ विस्तारयुक्त मानचित्रों एवं रेखाचित्रों के द्वारा भी आंकड़ों का प्रस्तुतिकरण किया गया है जिससे पाठकों को हमारी जनसंख्या की जनसांख्यिकीय प्रवृत्तियों को समझने में मदद मिलेगी ।

प्राथमिक जनगणना सार में प्रत्येक जिला, तहसील एवं नगर के संबंध में विस्तृत आंकड़े दिये जा रहे हैं । हम आशा करते हैं कि ये आंकड़े योजना निर्माताओं, प्रशासकों, शोध छात्रों एवं अन्य सभी प्रकार के आंकड़े उपयोक्ताओं के लिए "रेडीरेकनर" सिद्ध होंगे ।

आंकड़े एक नज़र में

जनसंख्या	कुल	व्यक्ति	34,108,292
		पुरुष	17,735,788
		स्त्रियां	16,372,504
	ग्रामीण	व्यक्ति	26,967,871
		पुरुष	13,946,708
		स्त्रियां	13,021,163
	नगरीय	व्यक्ति	7,140,421
		पुरुष	3,789,080
		स्त्रियां	3,351,341
क्षेत्रफल (वर्ग कि०मी० में)		..	342,239
दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर (1971–81)		कुल	+32.38
		ग्रामीण	+27.07
		नगरीय	+57.15
जनसंख्या घनत्व (व्यक्ति प्रति वर्ग कि०मी०)		..	100
स्त्री/पुरुष अनुपात (प्रति 1,000 पुरुषों पर स्त्रियों की संख्या) ..		कुल	923
		ग्रामीण	934
		नगरीय	884
कुल जनसंख्या में साक्षरों का प्रतिशत		व्यक्ति	24.05
		पुरुष	35.82
		स्त्रियां	11.31
नगरीय जनसंख्या में साक्षरों का प्रतिशत ..		व्यक्ति	47.92
		पुरुष	60.02
		स्त्रियां	34.24
ग्रामीण जनसंख्या में साक्षरों का प्रतिशत ..		व्यक्ति	17.73
		पुरुष	29.24
		स्त्रियां	5.41
नगरीय केन्द्रों की संख्या		..	201
कुल जनसंख्या में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत ..		..	20.93
मुख्य कार्यरत जनसंख्या		व्यक्ति	10,351,113
		पुरुष	8,806,143
		स्त्रियां	1,544,970
कार्य सहभागिता का प्रतिशत (मुख्य कार्यरत जनसंख्या) ..		व्यक्ति	30.35
		पुरुष	49.65
		स्त्रियां	9.44

ग्रामीण एवं नगरीय जनसंख्या

जनगणना 1981 के अनुसार 1 मार्च 1981 के सूर्योदय के समय राज्य की आबादी 3 करोड 41 लाख आंकी गई है। कुल जनसंख्या में से करीब 2 करोड़ 70 लाख से कुछ अधिक व्यक्ति ग्रामीण क्षेत्रों में तथा 71 लाख से कुछ अधिक व्यक्तियों की गणना नगरीय क्षेत्रो में की गई है।

नगरीय क्षेत्रों के अन्तर्गत नगरपालिका इकाइयों, कैन्टोनमेंट बोर्डों एवं अधिघोषित क्षेत्र समितियों को सम्मिलित किया गया है। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य क्षेत्रों (क) जिनकी जनसंख्या कम से कम 5000 है, (ख) जहां पुरुष कार्यरत जनसंख्या का कम से कम 75 प्रतिशत भाग गैर कृषि कार्यों (और इससे संबंधित अन्य कार्यों) में लगा हुआ हो और (ग) जनसंख्या घनत्व कम से कम 400 व्यक्ति प्रति वर्ग कि० मी० हो, ऐसे सभी स्थानो को 'जनगणना नगर' (सेंसस टाउन) की संज्ञा दी गई है।

राजस्थान में कुल 201 नगरीय इकाइया हैं, जिनमे से 190 नगरो/शहरो में नगरपालिकाये, एक मे कैन्टोनमेंट बोर्ड, एक में अधिघोषित क्षेत्र समिति है तथा 9 जनगणना नगर हैं। नगरपालिका नगरों मे से 9 मे नगरीय अपवृद्धि पाई गई है जो कि इन नगरो की नगरपालिका सीमा क्षेत्र से बाहर निकल कर पड़ौस के ग्रामीण क्षेत्रों तक फैल गई है। नगरीय अपवृद्धि मे सम्मिलित क्षेत्रों मे चूकि नगर की सभी विशेताएं विद्यमान रहती हैं अत: ऐसे क्षेत्रों की जनसख्या को नगरीय क्षेत्र के अन्तर्गत रखते हुए, जनगणना की दृष्टि से इनको मुख्य नगर के साथ सम्मिलित कर लिया गया है।

इस राज्य की जनसंख्या का 79 प्रतिशत से कुछ अधिक भाग अब भी ग्रामीण क्षेत्रों मे निवासित है जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह प्रतिशत 76.27 ही है। राजस्थान की कुल जनसंख्या में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत 1971 में 17.6 था जबकि 1981 की जनगणना के अनुसार यह 21 प्रतिशत हो गया है। इससे स्पष्ट है कि पिछले दशक में नगरीय जनसंख्या में 3 प्रतिशत की शुद्ध बढ़ोतरी हुई है। अब इस राज्य का प्रत्येक पांचवा व्यक्ति नगरों का निवासी है। राष्ट्रीय स्तर पर कुल जनसंख्या में नगरीय जनसंख्या का अनुपात 23.73 प्रतिशत है।

भारत में 10 ऐसे राज्य हैं जिनकी ग्रामीण जनसंख्या का अनुपात राजस्थान से अधिक है। ऐसे राज्यो में हिमाचल प्रदेश का प्रथम स्थान है जहां की कुल जनसंख्या में ग्रामीण जनसंख्या का अनुपात 92.28 प्रतिशत है, शेष 9 राज्यों में इससे कम प्रतिशत है। भारत में सबसे कम ग्रामीण जनसंख्या का प्रतिशत 64.97 महाराष्ट्र राज्य में पाया गया है। भारत के विभिन्न राज्यों एवं केन्द्र शासित क्षेत्रों की कुल जनसंख्या मे ग्रामीण एवं नगरीय जनसंख्या के अनुपात को इस विश्लेषणात्मक टिप्पणी के अन्त में दी गई प्रथम विवरण तालिका मे दर्शाया गया है।

राज्य के 20 जिलों में ग्रामीण जनसंख्या का अनुपात अधिक है अर्थात् इन जिलो में ग्रामीण जनसंख्या राज्य औसत से अधिक है। इनमें से भी सर्वाधिक उल्लेखनीय बांसवाडा जिला (93.77) है, तथा इसके बाद के क्रम मे डूगरपुर (93.52), जालोर (91.94), बाड़मेर (91.37) और अलवर (89.18) जिले हैं।

अजमेर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा और चुरू जिलो मे नगरीय जनसख्या राज्य के औसत की तुलना मे अधिक अनुपात मे दर्ज की गई है। इनमे से चुरू को छोड कर बाकी सभी जिलो में एक बड़ा शहर स्थित है। नगरीय जनसंख्या मे अधिकतम बढ़ोतरी (7 प्रतिशत से अधिक) कोटा जिले मे रिकार्ड हुई है, जहां नगरीय जनसख्या का प्रतिशत 1971 के 24.05 से बढकर 1981 मे 31.47 प्रतिशत हो गया है। उक्त जिले के बाद जयपुर जिले ने 6.35 प्रतिशत की जनसख्या वृद्धि दर्ज की है जो कि अधिकतम सीमा से कुछ ही कम है। यद्यपि पिछली जनगणना की भांति इस बार भी अधिकतम नगरीय जनसंख्या वाले जिलों मे बीकानेर द्वितीय स्थान पर है, किंतु 1971 की तुलना मे इस जनगणना में इस जिले की नगरीय जनसख्या मे 2.37 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

नगरीय क्षेत्रो में दशकीय वृद्धि दर के मामले में अधिकतम 146.49 प्रतिशत की वृद्धि दर जालोर जिले में दर्ज की गई है, जिसका मुख्य कारण इस जिले के दो स्थानो, आहोर एवं सांचोर को नए नगरीय क्षेत्र घोषित करना है। इसी प्रकार पाली जिले की दशकीय वृद्धि दर 115.72 प्रतिशत निकाली गई है। इसके पीछे भी मुख्य कारण यह रहा है कि 6 स्थानो (रानी खुर्द, खुड़ला, निमाज, जैतारण, तख्तगढ़ और रायपुर), जो कि 1971 मे ग्रामीण थे, को इस जनगणना मे नगरीय केन्द्र घोषित किया गया है। अन्य जिले जिनमें राज्य औसत से अधिक नगरीय जनसंख्या वृद्धि दर्ज की गई है, इस प्रकार है—गंगानगर (80.29), कोटा (77.00), बाडमेर (70.97), जयपुर (66.23), बांसवाडा (66.20), चित्तौड़गढ़ (65.96), भीलवाड़ा (61.88), और उदयपुर (58.67) बांसवाड़ा को अपवाद मान कर बाकी के सभी जिलो में नए नगरीय केन्द्रों की घोषणा की गई है, जिसके परिणामस्वरूप ही यह अप्रत्याशित नगरीय जनसंख्या वृद्धि दर प्राप्त हुई है।

औद्योगिक दृष्टि से राजस्थान के सर्वाधिक अग्रणीय नगर कोटा में पिछले 3 दशको से आश्चर्यजनक जनसंख्या रेकार्ड हो रही है। 1951 में केवल 65 हजार जनसंख्या वाले इस शहर की जनसख्या 1981 में बढ़कर 346,928 हो गई है। 1971–81 के दौरान इस नगर की जनसंख्या वृद्धि दर करीब 63 प्रतिशत रही जबकि 1961–71 के दौरान यह 77 प्रतिशत एव 1951–61 के दौरान यह दर 85 प्रतिशत रही थी।

2—125 बार. जी. इंडिया/82

राजस्थान की राजधानी जयपुर में पिछले दशक के दौरान जनसंख्या वृद्धि दर 57.12 प्रतिशत रही । पिछले कुछ वर्षों से यह शहर भी औद्योगिक नगर के रूप में उभर कर सामने आया है । इसके अतिरिक्त 1981 में जयपुर जिले के 7 स्थानों को नगरीय क्षेत्र घोषित किया गया है ।

चित्तौड़गढ़ और भीलवाड़ा ऐसे अन्य औद्योगिक नगर हैं जिनमें पिछले दशक के दौरान क्रमश: 73.61 और 48.91 प्रतिशत की वृहद् वृद्धि दर प्राप्त हुई है । हाल ही में इन नगरों एवं इनके आसपास के क्षेत्रों में कुछ नवीन औद्योगिक इकाइयां स्थापित हुई हैं । इसके अतिरिक्त 1981 में चित्तौड़गढ़ में एक एवं भीलवाड़ा जिले में दो नए नगरीय क्षेत्र घोषित किए गए हैं । चित्तौड़गढ़ में पर्यटक उद्योगों का विकास भी तीव्र गति से हो रहा है ।

1971–81 दशक के दौरान कुल मिला कर 44 ग्रामों को नगरीय क्षेत्र घोषित किया जा चुका है । राज्य एवं उन जिलो, जिनमें ये नगरीय केन्द्र स्थित हैं, की दशकीय नगरीय जनसंख्या वृद्धि वस्तुत: एक सीमा तक इसी के फलस्वरूप प्रभावित हुई है । नए नगरीय केन्द्रों की सूची नीचे दी जा रही है:—

जिला	नगर का नाम	जिला	नगर का नाम
1	2	1	2
गंगानगर	1 रावतसर	पाली	23 निमाज
	2 पीली बंगा		24 जैतारण
	3 विजय नगर		25 तखतगढ़
	4 केसरीसिंहपुर		26 रायपुर
झुंझुनूं	5 गोठड़ा		27 रानीखुर्द
	6 मन्डेला		28 खुडला
अलवर	7 तिजारा	बाड़मेर	29 सिवाना
			30 सांचोर
भरतपुर	8 कुम्हेर		31 आहोर
	9 नगर		32 मान्डल
	10 भुसावर		33 आसिन्द
सवाई माधोपुर	11 टोडड़ा	उदयपुर	34 फतेहनगर
जयपुर	12 बस्सी		35 आमेट
	13 लालसोट		36 कानोड
	14 मनोहरपुर	चित्तौड़गढ़	37 रावतभाटा
	15 शाहपुरा	बूंदी	38 कापरेन
	16 बसवा	कोटा	39 सांगरोल
	17 नरैना		40 सांगोद
	18 विराटनगर		41 आंटा
सीकर	19 लोसल		42 सुकेत
	20 रींगस		43 कैथून
	21 कुचेरा		
	22 मूंडवा	झालावाड़	44 अकलेरा

नगरीयकरण

अन्य राज्यों की भांति राजस्थान में भी ग्रामीण जनसंख्या की तुलना में नगरीय क्षेत्रों मे जनसंख्या वृद्धि तीव्र गति से हो रही है। अब राज्य की नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत 17.63 से बढ़कर 20.93 हो गया है। अत: पिछले दशक में इस प्रतिशत में 3 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है जो कि समूचे भारत की नगरीय जनसख्या वृद्धि के प्रतिशत 3.8 से थोड़ी ही कम है। भारत के अन्य राज्यों से तुलनात्मक दृष्टिसे नगरीकरण के मामले में राजस्थान का 10 वां स्थान है। क्रमानुसार महाराष्ट्र का प्रथम स्थान है (नगरीय जनसंख्या 35.03 प्रतिशत) तथा हिमाचल प्रदेश का अन्तिम स्थान है (नगरीय जनसंख्या 7.72 प्रतिशत) नगरीयकरण के मामले में राजस्थान का स्थान अब भी बहुत नीचे आता है। कुछ बड़े राज्यों की तुलना में इस राज्य की कुल जनसंख्या में नगरीय जनसंख्या का अनपात बहुत कम है, किन्तु हरियाणा, केरल, उड़ीसा और पजाब से हमारी नगरीय जनसंख्या अधिक है ।

पिछले 80 वर्षों में नगरीय जनसंख्या 4 गुनी बढ़ी है। यह जनसंख्या प्रारंभ में 16 लाख थी जो अब बढ़कर 72 लाख हो गई है। इसमें भी इस शताब्दि के प्रारंभ के 50 वर्षों में नगरीय जनसंख्या में केवल 14 लाख व्यक्ति ही बढ़ पाये थे, जबकि पिछले 30 वर्षों में नगरीय जनसख्या में 42 लाख व्यक्तियों की शुद्ध वृद्धि हुई है जो कि इस शताब्दि के प्रारंभिक 50 वर्षों के दौरान प्राप्त हुई वृद्धि से तिगुनी है। केवल पिछले दशक में ही नगरीय जनसंख्या में 26 लाख व्यक्तियों की वृद्धि हुई है। इस प्रकार ग्रामीण एवं नगरीय जनसांख्यिकीय संतुलन में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन आया है, नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत 3 से भी थोड़ा अधिक बढ़ गया है। निम्नलिखित विवरण तालिका राजस्थान में नगरीयकरण की प्रवृत्ति को 1901 से दर्शित करती हैं :—

वर्ष	नगरीय जनसंख्या	दशकीय अन्तर	दशकीय प्रतिशत अन्तर	1901 की जनसख्या पर प्रतिशत अन्तर	कुल जनसंख्या में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत
1901 . .	1,550,656	..	..	..	15.06
1911 . .	1,475,829	— 74,827	— 4.83	— 4.83	13.44
1921 . .	1,475,335	— 494	— 0.03	— 4.86	14.33
1931 . .	1,729,205	+ 253,870	+17.21	+ 11.51	14.72
1941 . .	2,117,101	+ 387,896	+22.43	+ 36.53	15.27
1951 . .	2,955,275	+ 838,174	+39.59	+ 90.58	18.50
1961 . .	3,281,478	+ 326,203	+11.04	+111.62	16.28
1971 . .	4,543,761	+ 1,262,283	+38.47	+193.02	17.63
1981 . .	7,140,421	+ 2,596,660	+57.15	+360.48	20.93

राज्य के बड़े शहर, जिनकी जनसंख्या 1 लाख से अधिक है, में जनसंख्या के आकार और क्षेत्रफल दोनों ही दृष्टिकोण से निरंतर विस्तार हो रहा है। कोटा (62.9 प्रतिशत वृद्धि) और जयपुर (57.1 प्रतिशत वृद्धि) ने नगरीयकरण के क्षेत्र में अपने पिछले स्थान को इस दशक की जनगणना में भी बनाये रखा है। 1961–71 के दौरान इनकी वृद्धि दर क्रमश: 77 प्रतिशत एवं 33 प्रतिशत थी। इसके विपरीत जोधपुर (33 प्रतिशत) और अजमेर (41 प्रतिशत) ने तीव्र वृद्धि को दर्शाया है तथा 1961-71 दशक के अपने चौथे और सातवें स्थान से ऊपर उठकर क्रमश: तीसरे और पांचवें स्थान पर आ गये है। नीचे दी गई तालिका बड़े शहरों की पिछले दो दशकों की वृद्धियों दर्शाती हैं :—

शहर	1961–71	स्थान	1971–81	स्थान
कोटा . .	77.0	1	62.9	1
जयपुर . .	52.5	2	57.12	2
उदयपुर . .	45.1	3	42.5	4
जोधपुर . .	41.3	4	55.4	3
अलवर . .	38.1	5	39.5	6
बीकानेर . .	25 3	6	30.4	7
अजमेर . .	14.3	7	41.6	5

1981 की जनगणना के अनुसार राज्य में नगरपालिकाओं, कैन्टोनमेंट बोर्डों, अधिघोषित क्षेत्रों और जनगणना नगरों को सम्मिलित कर कुल 201 नगरीय केन्द्र हैं, जबकि 1971 की जनगणना में यह संख्या केवल 157 ही थी। इस प्रकार 1971–81 के दौरान नगरों की संख्या में 44 इकाइयों की शुद्ध वृद्धि हुई है। नए बढ़ाए गए नगरों में से 20 ऐसे स्थान हैं जिन्हें कि पिछली जनगणनाओं में भी नगरीय क्षेत्र माना गया था। कुछ तो 1901 से ही नगरीय क्षेत्र थे, किन्तु बाद में इन्हे नगरों की श्रेणी से हटा दिया गया और 1981 की जनगणना में ये पुनः नगर मान लिये गये हैं। बाकी के 18 स्थानों को 1981 की जनगणना में ही सर्व प्रथम नगरीय केन्द्र घोषित किया गया है। नगरीय अपवृद्धि की अवधारणा के अन्तर्गत, जिसे सर्वप्रथम 1971 की जनगणना से ही प्रारंभ किया गया था, चार ऐसे मामले है जिनमें कि निरतर नगरीयकरण के विस्तार के कारण मुख्य शहर एवं उसके आसपास के नगर आपस में मिल गये हैं। इसके अन्तर्गत आते हैं—बीकानेर शहर जो कि नगरीय अपवृद्धि के कारण गंगा शहर व भीनासर नगरों से मिल गया है; जयपुर शहर, जिसकी नगरीय अपवृद्धि सांगानेर और आमेर नगरों से मिल गई है; सवाई माधोपुर नगर जिसने कि मान नगर को अपने अन्दर समेट लिया है; तथा पिलानी नगर जो कि बढ़ता हुआ विद्याविहार की नगरी बस्ती से जा मिला है। जनसंख्या आकार समूह के अनुसार नगरीय केन्द्रों के वर्गीकरण में इन छः स्थानों; नामतः गंगाशहर, भीनासर, आमेर, सांगानेर, माननगर और विद्याविहार को स्वतंत्र इकाइयां न मानकर नगरीय अपवृद्धि माना गया है। अतः आगे केवल 195 नगरों एवं नगरीय अपवृद्धियों पर ही विचार किया जायेगा।

जनगणना के उद्देश्य से नगरीय इकाइयों को उनकी जनसंख्या के आकार के अनुसार 6 वर्गों में वर्गीकृत किया गया है, जो निम्न प्रकार से है:—

प्रथम वर्ग— 100,000 और उससे अधिक जनसंख्या
द्वितीय वर्ग— 50,000 से 99,999 तक जनसंख्या
तृतीय वर्ग— 20,000 से 49,999 तक जनसंख्या
चतुर्थ वर्ग— 10,000 से 19,999 तक जनसंख्या
पचम् वर्ग— 5,000 से 9,999 तक जनसंख्या
षष्ठम् वर्ग— 5,000 से कम जनसंख्या

निम्नलिखित विवरण तालिका 1901 से विभिन्न आकार वर्गों के नगरों को दर्शित करती है। प्रत्येक वर्ग में नगरों की संख्या के नीचे कोष्ठक में प्रत्येक वर्ग में सम्मिलित नगरों की जनसंख्या के प्रतिशत को भी दर्शाया गया है :—

जनगणना वर्ष	जनसंख्या के अनुसार नगरों के आकार वर्ग					
	प्रथम वर्ग 100,000	द्वितीय वर्ग (50,000–99,999)	तृतीय वर्ग (20,000–49,999)	चतुर्थ वर्ग (10,000–19,999)	पंचम् वग (5,000–9,999)	षष्ठम् वर्ग (5,000 से कम)
1901 . .	1 (10.3)	4 (15.7)	8 (16.2)	26 (21.9)	64 (27.8)	32 (8.1)
1911 . .	1 (9.3)	3 (13.6)	9 (17.7)	24 (21.6)	60 (27.0)	41 (10.8)
1921 . .	2 (15.8)	2 (9.7)	7 (14.8)	20 (18.3)	58 (26.8)	58 (14.6)
1931 . .	2 (15.2)	2 (10.5)	9 (17.0)	26 (20.8)	64 (26.2)	47 (10.3)
1941 . .	4 (27.2)	2 (5.4)	13 (17.7)	28 (18.3)	74 (25.0)	36 (6.4)
1951 . .	4 (26.6)	4 (8.9)	20 (19.1)	37 (15.9)	96 (21.8)	66 (7.7)
1961 . .	6 (37.8)	4 (7.9)	23 (20.3)	52 (21.6)	51 (11.9)	9 (1.0)
1971 . .	7 (41.9)	7 (10.7)	31 (20.5)	64 (19.7)	38 (6.8)	4 (0.4)
1981 . .	11 (46 5)	11 (10.1)	52 (22.0)	98 (18.7)	22 (2.6)	1 (0.1)

उपरोक्त विवरण इस बात को स्पष्ट करता है कि 1901 से इस राज्य में प्रथम श्रेणी से चतुर्थ श्रेणी तक के नगरों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है, किन्तु पांचवें एवं छठे वर्ग के नगरों की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट आई है। यह मुख्य रूप से जनसंख्या की प्राकृतिक वृद्धि एवं पछले तीन दशकों में हुए औद्योगिक विकास के परिणामस्वरूप ही हुआ है क्योंकि इन कारणों के फलस्वरूप पांचवे एवं छठे वर्ग के नगर बड़े आकार के वर्गीकरण के अन्तर्गत पहुंच गए है। इनके अतिरिक्त नगरपालिका सीमाओं के विस्तार के कारण कुछ ग्रामीण अंचल को नगरीय क्षेत्र में सम्मिलित कर लिया गया है जिससे इन नगरों के वर्ग एवं आकार में वृद्धि हुई है।

कुल नगरीय जनसंख्या में से प्रथम वर्ग के नगरों की जनसंख्या का अनुपात 1901 में 10·3 प्रतिशत था जो कि 1981 में बढ़कर 46.5 प्रतिशत हो गया है। हमारी जनसंख्या का केवल 10 प्रतिशत भाग ही द्वितीय वर्ग के नगरों में रहता है। द्वितीय वर्ग के नगरों की जनसंख्या के अनुपात में 1971 से ही थोड़ी गिरावट दृष्टिगोचर हो रही है। इसके विपरीत तीसरे वर्ग के नगरों की जनसंख्या में थोड़ी वृद्धि हुई है। चौथे वर्ग से छठे वर्ग तक के नगरों के अनुपात में सामान्यतः गिरावट ही आती रही है। निम्न विवरण तालिका 1971–81 दशक के दौरान विभिन्न आकार वर्ग के नगरों की नगरीय जनसंख्या वृद्धि दर का चित्र प्रस्तुत करती है :—

नगरों के वर्ग	1971–81 के दौरान बढ़ी कुल जनसंख्या	1971–81 की प्रतिशत वृद्धि दर	1961–71 की प्रतिशत वृद्धि दर	1961–71 की जनसंख्या पर 1971–81 में शुद्ध वृद्धि/ह्रास (कालम 3 से कॉलम 4 घटाकर)
1	2	3	4	5
राजस्थान . .	+2,596,660	+57.15	+ 38.47	+18.68
वर्ग 1 . .	+1,419,484	+74.62	+ 50.42	+24.20
वर्ग 2 . .	+ 229,234	+46.95	+102.49	—55.54
वर्ग 3 . .	+ 641,969	+69.01	+ 39.39	+29 62
वर्ग 4 . .	+ 440,146	+48.99	+ 28.28	+20.71
वर्ग 5 . .	— 121,851	—39.54	— 18 31	—21.23
वर्ग 6 . .	— 12,322	—74.68	— 46.42	—28.26

दूसरी ओर 26 नगरों और नगरीय अपवृद्धियों में वृद्धि दर राज्य औसत (57.15 प्रतिशत) से अधिक रही है। प्रथम वर्ग के नगरों में कोटा द्वारा दर्ज की गई 62.88 प्रतिशत की वृद्धि सर्वाधिक रही तथा सबसे कम वृद्धि दर 34.21 प्रतिशत की बीकानेर की नगरीय अपवृद्धि में दर्ज की गई। द्वितीय वर्ग के नगरों में 83 प्रतिशत की वृद्धि दर प्राप्त कर हनुमानगढ सबसे अग्रणी है तथा चूरू में सबसे निम्नतम वृद्धि दर 16.69 प्रतिशत दर्ज की गई है। 114.62 प्रतिशत की वृद्धि दर प्राप्त नोखा नगर तृतीय वर्ग के नगरों में सबसे आगे है जबकि केन्टोनमेन्ट क्षेत्र नसीराबाद में मात्र 4.93 प्रतिशत की ही वृद्धि दर दर्ज की गई। राज्य के चतुर्थ वर्ग के अन्तर्गत आने वाले नगरों में अब तक की सर्वाधिक वृद्धि दर 184.23 प्रतिशत अनूपगढ़ नगर में प्राप्त हुई है, इसी वर्ग का नगर देवली (जिला टोंक) ही एक मात्र ऐसा नगर है जिसमें ऋणात्मक वृद्धि दर दर्ज की गई है। 1961–71 दशक के दौरान देवली में 133.2 प्रतिशत वृद्धि दर दर्ज की गई थी, क्योंकि उस समय यहां पर बंगला देश से आए शरणार्थियों की सहायतार्थ एक अस्थाई कैम्प लगाया गया था। इन शरणार्थियों मे से अधिकांश अब इस नगर के बाहर चले गए है, अतः वृद्धि दर तेजी से कम हुई और इस बार 9.23 प्रतिशत की ऋणात्मक दर को दर्ज किया गया। पांचवें वर्ग में अलवर जिले के खेड़ली नगर में तीव्रतम वृद्धि दर 67.69 प्रतिशत दर्ज की गई जबकि झालावाड़ जिले के पिड़ावा नगर में 13.4 प्रतिशत न्यूनतम वृद्धि दर दर्ज की गई। छठे वर्ग के एक मात्र नगर इन्दरगढ़ में 57.33 प्रतिशत वृद्धि दर दर्ज की गई है।

जनसंख्या वृद्धि दर

राजस्थान भारत का 9वां सबसे बड़ा राज्य है । इस राज्य मे देश की जनसंख्या का 5 वां भाग निवास करता है तथा इसका क्षेत्रफल देश के कुल भू-भाग का 10 प्रतिशत है ।

राजस्थान की जनसंख्या तीव्र गति से बढ़ रही है । पिछले तीस वर्षो मे यह दुगने से भी अधिक हो गई है । 1951 की जनगणना के अनुसार इस राज्य की जनसंख्या 1.59 करोड़ थी जो कि 1981 की जनगणना मे बढ़कर 3.41 करोड़ हो गई है । निम्नलिखित विवरण तालिका 1901 से दशकीय एवं उत्तरोत्तर वृद्धि दर का राष्ट्रीय वृद्धि दर से तुलनात्मक चित्र प्रस्तुत करती है :—

जनसंख्या में 1901 से दशकीय परिवर्तन

वर्ष	दस वर्षीय वृद्धि (लाखो मे)		दस वर्षीय वृद्धि दर (प्रतिशत मे)		1901 से प्रतिशत उत्तरोत्तर वृद्धि दर	
	भारत	राजस्थान	भारत	राजस्थान	भारत	राजस्थान
1901 . .	आधार वर्ष					
1911 . .	+ 136.97	+ 690	+ 5.75	+ 6.70	+ 5.75	+ 6.70
1921 . .	— 7.72	— 6.91	— 6.31	— 6.29	+ 5.42	— 0.01
1931 . .	+ 276.56	+14.55	+11.00	+14.14	+ 17.02	+ 14.12
1941 . .	+ 396.83	+21.16	+14.22	+18.01	+ 33.67	+ 34.68
1951 . .	+ 424.20	+21.07	+13.31	+15.20	+ 51.47	+ 55.15
1961 . .	+ 776.83	+41.85	+21 51	+26.20	+ 84.25	+ 95.80
1971 . .	+1089.25	+56.10	+24.80	+27.83	+129.95	+150.30
1981 . .	+1336.58	+83.42	+24.75	+32.28	+186.84	+231.34

1911-21 के दशक में कुल जनसंख्या मे हुई कमी को अपवाद मानकर इस शताब्दि के प्रारम्भ से अब तक के सभी दशकों में राजस्थान मे राष्ट्रीय जनसंख्या वृद्धी दर से अधिक दर रेकार्ड की गई है । हालांकि 1971-81 के दौरान सर्वाधिक वृद्धि दर दर्ज की गई है । मोटे तौर पर राज्य की जनसंख्या मे पिछले 80 वर्षों (1901 से 1981) के दौरान 238 लाख व्यक्तियों की वृद्धि हुई है 1 इसमे भी इस शतक के पहले 50 वर्षो मे करीब 57 लाख लोगों की ही वृद्धि हुई, जबकि पिछले 30 वर्षो मे राज्य की जनसंख्या में 83 लाख नये लोग जुड़ गये हैं । 1901-51 के 50 वर्षों मे रेकार्ड की गई कुल जनसंख्या से यह करीब 26 लाख लोगों की अतिरिक्त वृद्धि है ।

1981 की जनगणना में पिछले दशक 1971-81 के दौरान 32.28 प्रतिशत की जनसंख्या वृद्धि दर दर्ज की गई है जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह दर केवल 24.75 प्रतिशत ही है । राज्य के पश्चिमी जिलों मे विशेष रूप से असामान्य वृद्धि दर पाई गई है । यद्यपि इस असामान्य वृद्धि दर के लिये कोई विशेष वैज्ञानिक विश्लेषण या कारण नही दिया जा सकता है फिर भी इसके लिये मुख्य कारण जन्म-दर की अधिकता और मृत्यु-दर मे हुई निरन्तर कमी तथा आप्रवासन हो सकते है।

यदि न्यादर्श पंजीयन योजना द्वारा दिये गये पिछले 9 वर्षों के जन्म एवं मृत्यु दर के आंकड़ों पर दृष्टि डालें (न्यादर्श पंजीयन योजना जनगणना संगठन द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर चलाई जा रही एक योजना है) तो हमे ज्ञात होगा कि 1976 को अपवाद मानकर बाकी सभी वर्षों में राजस्थान में रेकार्ड की गई जन्म-दर राष्ट्रीय जन्म-दर से अधिक रही है । यह भी देखा गया है कि इन वर्षों मे मृत्यु-दर क्रमशः कम होती चली गयी है जिसके कारण कुल मिलाकर जनसंख्या वृद्धि दर मे तीव्र वृद्धि हुई

है । नीचे दी गई तालिका में 1971 से 1979 तक के वर्षों में न्यादर्श पंजीयन योजना से प्राप्त राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर के जन्म एवं मृत्यु दरों के आंकड़े प्रस्तुत किए गए हैं :—

वर्ष	जन्म-दर		मृत्यु-दर	
	भारत	राजस्थान	भारत	राजस्थान
1971 . .	36.9	42.4	14 9	15.6
1972 . .	36.6	42.4	16.9	16.8
1973 . .	34.6	38.1	15.5	16.1
1974 . .	34.4	36.3	14.5	14 3
1975 . .	35.2	36.9	15 9	15 9
1976 . .	34.4	33.4	15.0	14.7
1977 . .	33.0	33.8	15.7	14.8
1978 . .	33.2	35.5	14.1	15.6
1979 . .	33.0	34.9	12.8	12 7

जनसंख्या वृद्धि दर को प्रभावित करने वाला दूसरा महत्वपूर्ण तत्व प्रवासन है। राज्य के पश्चिमी जिलो को अधिक जनसंख्या वृद्धि दर में इस तत्व की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है । ऐसा प्रतीत होता है कि इन जिलो ने पड़ौसी राज्यों/जिलों की जनसंख्या को निम्नलिखित कारणों से आकर्षित किया है ।

(क) राजस्थान नहर क्षेत्र मे भू-आवंटन एवं विकास की गतिविधियां,

(ख) पोंग बांध से हटाये गये लोगों को राजस्थान नहर क्षेत्र में भू-आवंटन,

(ग) 1971 के भारत-पाक युद्ध के पश्चात् पाकिस्तान से शरणार्थियों का आगमन ।

इस प्रकार जनसंख्या की प्राकृतिक वृद्धि तथा उपरोक्त कारणों के अतिरिक्त सूखाग्रस्त पश्चिमी जिलो में चरागाहों एवं जल सुविधाओं के विकास के फलस्वरूप प्रवासी जनसंख्या की संख्या में काफी कमी आई है जिससे रहन-सहन की दशा में भी स्थायित्व आया है । इससे भी एक सीमा तक जनसंख्या मे तेजी से वृद्धि हुई है । जनसंख्या वृद्धि के संबंध में विस्तृत अध्ययन जनसंख्या के अन्तिम आंकड़े प्राप्त होने पर ही संभव हो सकेगा ।

राज्य के अन्य जिलों की अपेक्षा बीकानेर जिले की जनसंख्या वृद्धि दर (46.57 प्रतिशत) अधिकतम रही है। यदि हम राजस्थान के विभिन्न जिलों में छोटे स्तर तक दर्ज जनसंख्या वृद्धि दर का अवलोकन करें तो हमें ज्ञात होगा कि वास्तव में अधिकतम जनसंख्या वृद्धि के क्षेत्र दूसरे ही हैं । तहसील स्तर पर प्राप्त जनसंख्या वृद्धि दरों में बहुत अधिक भिन्नताएं पाई गई हैं । उदाहरणार्थ गंगानगर जिले की अनूपगढ़ तहसील की जनसंख्या वृद्धि दर आश्चर्य की सीमा पार कर 152 प्रतिशत रही है । इसी प्रकार इसी जिले की हनुमानगढ़ (56.25) और सूरतगढ़ (54.21) तहसीलों मे भी जनसंख्या वृद्धि दर काफी अधिक रही है । इन तहसीलो म जनसंख्या आकार वृद्धि का कारण मुख्य रूप से मरु क्षेत्र मे विकास कार्य प्रारम्भ किए जाने एवं राजस्थान नहर के आसपास भूमि का आवंटन प्रतीत होता है।

दूसरे जिलों मे भी कुछ तहसीले जैसे जयपुर जिले की जयपुर तहसील, जोधपुर जिले की फलौदी एवं जोधपुर तहसीलें, बाड़मेर जिले की शिव एवं चोहटन तहसीले, कोटा जिले की लाडपुरा एवं रामगंज मंडी तहसीलो मे पिछले दशक मे बीकानेर जिले मे प्राप्त 46.57 प्रतिशत वृद्धि की तुलना म अधिक जनसंख्या वृद्धि दर रेकार्ड की गई है । जनसंख्या वृद्धि की बहुलता वाले क्षेत्रो मे केवल 37 तहसीलों ने ही 35 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्शायी है । इनमे से सर्वाधिक 152 प्रतिशत की वृद्धि दर गंगानगर जिले की अनूपगढ़ तहसील मे पाई गयी है। कुल मिलाकर 53 ऐसी तहसीलें है जिनम जनसंख्या वृद्धि दर राज्य की औसत वृद्धि दर (32.38 प्रतिशत) से अधिक रही है ।

ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों की जनसंख्या वृद्धि का अलग-अलग विश्लेषण करने पर ज्ञात होगा कि राज्य की 86 तहसीलों मे राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के औसत 27.00 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर दर्ज की गयी है । बाकी तहसीलों मे से कोटा जिले की पीपलदा तहसील से प्राप्त वृद्धि दर राज्य औसत के बराबर रही तथा 110 तहसीलो मे जनसंख्या वृद्धि दर राज्य औसत से कम दर्ज की गयी। अगल पृष्ठ पर दी गयी विवरण तालिका मे राज्य के कुल, ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के लिए जनसंख्या वृद्धि की विभिन्न श्रेणियो के अन्तर्गत तहसीलों को आवंटित किया गया है :—

जनसंख्या वृद्धि दर की श्रेणियां	तहसीलो की संख्या		
	कुल क्षेत्र	ग्रामीण क्षेत्र	नगरीय क्षेत्र
बहुत ऊंची (35.01 और अधिक) . .	37	29	82
ऊची (30.01 से 35.00) . . .	46	38	15
औसत (25.01 से 30.00) . .	64	44	15
कम (20.01 से 25.00) . . .	39	47	7
बहुत कम (20.00 और कम) . .	11	39	3
ऋणात्मक वृद्धि दर	..	..	1

यह तथ्य काफी दिलचस्प है कि राज्य की कुल 197 तहसीलों मे से 57 तहसीले ऐसी हैं जिनमें एक भी नगरीय स्थान नही है । इससे यह तो स्पष्ट हो है कि उनके तहसील मुख्यालय भी नगरीय इकाइयां नही है । राज्य के नगरीय क्षत्रों की औसत जनसंख्या वृद्धि दर 57.15 प्रतिशत रेकार्ड की गयी है । कुल 36 तहसीलों मे नगरीय जनसंख्या का अनुपात राज्य औसत से अधिक रहा है । दूसरी ओर 17 तहसीलें ऐसी है जिनमे नगरीय क्षेत्र 1971-81 के दौरान पहली बार घोषित किए गये हैं । अतः इन क्षेत्रों के 1971 के नगरीय आंकडे उपलब्ध न होने के कारण इनका तुलनात्मक विश्लेषण नही किया जा सकता है ।

बड़े शहरों एवं नगरों की जनसंख्या वृद्धि दर का विश्लेषण करने पर हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि जयपुर, कोटा, उदयपुर, जोधपुर, सीकर, भीलवाड़ा एवं भरतपुर शहर की जनसंख्या तेज रफ्तार से बढ़ रही है । पिछले दो दशकों (1961–81) के दौरान इनकी जनसख्या बढ़कर दुगनी से अधिक हो गयी है । 1971 मे इस राज्य में एक भी स्थान ऐसा नही था जिसकी जनसख्या 10 लाख से अधिक हो, किन्तु अब यह स्तर जयपुर को प्राप्त हो गया है तथा इस शहर का नाम देश के प्रथम बारह बड़े शहरों मे सम्मिलित है । जसलमेर नगर जो कि राज्य के सबसे कम जनसंख्या वाले जिले का मुख्यालय है, भी 1951 के पश्चात् तेज गति से बढ रहा है—1951 से लेकर वर्तमान जनगणना तक इस नगर की जनसंख्या ढाई गुनी हो गयी है । इसी प्रकार इन्दरगढ़ (कुल जनसंख्या 4177) की जनसख्या भी 1951 से अब तक दुगनी हो चुकी है ।

1971–81 दशक मे जिन तहसीलों एवं नगरों में अधिकतम एव न्यूनतम जनसंख्या वृद्धि दर प्राप्त हुई है, उन्हे इस विश्लेषणात्मक टिप्पणी के अन्त मे दी गयी विवरण तालिका—2 मे उल्लेखित किया गया है ।

स्त्री/पुरुष अनुपात

1981 की जनगणना के अनुसार राष्ट्रीय स्त्री/पुरुष अनुपात 935 को तुलना में राजस्थान में 923 है । पिछले दशकों के अध्ययन से यह ज्ञात होगा कि राष्ट्रीय स्तर पर स्त्री/पुरुष अनुपात स्त्रियों के पक्ष मे नही रहा अर्थात् प्रति 1000 पुरुषों पर स्त्रियों की संख्या सामान्यतः कम रही है । यद्यपि राजस्थान में इसमें थोड़ा सुधार हुआ है जिसे निम्न तालिका मे देखा जा सकता है :—

वर्ष	स्त्री/पुरुष अनुपात	
	भारत	राजस्थान
1901	972	905
1911	964	908
1921	955	896
1931	950	907
1941	945	906
1951	946	921
1961	941	908
1971	930	911
1981	935	923

जनगणना 1981 के परिणामों के अनुसार राजस्थान में स्त्री/पुरुष अनुपात अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग रहा है । जिला स्तर पर यह अनुपात न्यूनतम जैसलमेर जिले में (830) व अधिकतम डूंगरपुर जिले मे (1045) रहा है । तहसील स्तर पर स्त्री/पुरुष अनुपात इससे भी कम पाया गया है । इस स्तर पर सबसे कम स्त्री/पुरुष अनुपात भरतपुर जिले की बसेड़ी तहसील (792) मे रहा जबकि सबसे अधिक प्रभाव पूर्ण एवं विशेषरूप से उल्लेखनीय स्त्री/पुरुष अनुपात डूंगरपुर जिले की आसपुर तहसील (1100) में रहा । यह भी देखा गया है कि राज्य की 197 तहसीलों में से 94 तहसीलों में राज्य औसत (923) से अधिक अनुपात दर्ज किया गया है ।

परंपरागत आधार पर इस बार गैर जनजातीय क्षेत्रों की तुलना में जनजातीय क्षेत्रों में स्त्री/पुरुष अनुपात काफी अधिक पाया गया है यहां तक कि यदि हम पिछले 80 वर्षों के रिकार्ड को देखें तो हमें ज्ञात होगा कि 19वीं शताब्दी की समाप्ति पर 1901 में भी डूंगरपुर जिले में स्त्री/पुरुषों की संख्या समान थी । बांस वाड़ा जिले में उस समय की स्त्रियों की संख्या पुरुषों की संख्या से अधिक थी उस समय बांसववाड़ा में स्त्री/पुरुष अनुपात 1022 था । 1911 में, डूंगरपुर एवं बांसवाड़ा दोनों जिलों में स्त्रियों की संख्या पुरुषों की संख्या से अधिक थी । 1921 में केवल बांसवाड़ा में ही स्त्रियों की संख्या अधिक रह गयी जबकि डूंगरपर में स्त्रियों की संख्या में तेजी से कमी आई और 1911 में जो स्त्रियोंका अनुपात 1012 था वह 1921 में केवल 987 रह गया। 1931 तक बांसवाड़ा मे स्त्रियों को संख्या निरंतर अधिक रही । 1941 में इन जनजातीय जिलों में से किसी में भी स्त्रियों को संख्या पुरुषों से अधिक नहीं रही । 1951 में डूंगरपुर जिले में पुनः परंपरानुसार स्त्रियों को संख्या अधिक प्राप्त हुई और स्त्री/पुरुष अनुपात का स्तर 1003 तक पहुंच गया । 1961 में थोड़ी कमी के बाद 1971 में फिर इस जिले में स्त्रियों की संख्या बहुत अधिक रही और 1981 में भी अपनी बाहुल्यता को कायम रखा । इसके विपरीत बांसवाड़ा जिला अपने पूर्व स्तर को कायम नहीं रख सका जिसमें कि स्त्री/पुरुष अनुपात स्त्रियों के पक्ष में था । यह भी उल्लेखनीय है कि 1941 तक राजस्थान के सभी जिलों की तुलना में गंगानगर जिले में स्त्री/पुरुष अनुपात न्यूनतम रहा (केवल 1921 को अपवाद मान कर जब कि न्यूनतम स्त्री/पुरुष अनुपात जैसलमेर जिले में रहा था) । 1951 में सबसे कम स्त्री/पुरुष अनुपात जैसलमेर जिले में दर्ज किया गया जो कि अब तक चला आ रहा है ।

ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में स्त्री/पुरुष अनुपात क्रमशः 934 और 885 है । यह भी देखा गया है कि नगरीय क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में स्त्री/पुरुष अनुपात अधिक रहा । ग्रामीण क्षेत्रों में न्यूनतम स्त्री/पुरुष अनुपात भरतपुर जिले में 830 से अधिकतम डूंगरपुर जिले मे 1056 के मध्य रहा जबकि नगरीय क्षेत्रों मे यह जसलमेर जिले में न्यूनतम 801 से सीकर जिले मे अधिकतम 952 के मध्य रहा । इस प्रकार यह देख जा सकता है कि डूंगरपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतम स्त्री/पुरुष अनुपात दर्ज किया गया है जो कि एक मात्र अपवाद है क्योंकि शेष सभी जिलों में स्त्री/पुरुष अनुपात स्त्रियों के विपक्ष में रहा है ।

नगर स्तर पर 14 नगरों मे स्त्री/पुरुष अनुपात 1067 (झुंझुनू जिले के मण्डावा नगर में) से 1000 (नागौर जिले के लाडनूं नगर में) के मध्य दर्ज किया गया है । न्यूनतम स्त्री/पुरुष अनुपात (744) झुंझुनूं जिले के जनगणना नगर गोठड़ा में प्राप्त हुआ है । इस विश्लेषणात्मक लेख के अन्त मे दी गई विवरण तालिका 3 के द्वारा प्रत्येक जिले के अधिकतम एवं न्यूनतम स्त्री/पुरुष अनुपात वाली तहसीलों और नगरों के संबंध मे विवरण दिया गया है ।

साक्षरता

1981 की जनगणना के परिणामो के अनुसार साक्षरों का अनुपात राज्य की कुल जनसंख्या का 24 प्रतिशत से कुछ अधिक है जबकि 1971 एवं 1961 मे राज्य की कुल जनसख्या का क्रमशः 19.07 और 15.21 प्रतिशत भाग साक्षर था । इस प्रकार साक्षर जनसंख्या मे इस दशक (1971–81) के दौरान कुल वृद्धि 5 प्रतिशत की रही जबकि पिछले दशक (1961–71) के दौरान यह वृद्धि 4 प्रतिशत से भी कम रही थी । राष्ट्रीय स्तर पर यह वृद्धि क्रमशः 6.7 प्रतिशत (1981) और 5.4 प्रतिशत (1971) रही है । राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर साक्षरता का तुलनात्मक चित्र नीचे प्रस्तुत किया जा रहा है :—

वर्ष	साक्षरों की संख्या (हजारों में)		साक्षरता दर	
	भारत	राजस्थान	भारत	राजस्थान
1901 . .	12,680	358	5.35	3.47
1911 . .	14,851	377	5.92	3.41
1921 . .	17,912	336	7.16	3.25
1931 . .	26,251	467	9.50	3.96
1941 . .	अनुपलब्ध है०	760	16.10	5.46
1951 . .	60,189	1,282	16.67	8.02
1961 . .	105,472	3,066	24.02	15.21
1971 . .	161,436	4,914	29.45	19.07
1981 . .	237,992*	8,204	36.17	24.05

*आसाम एवं जम्मू-कश्मीर के अतिरिक्त ।

राजस्थान में गत दस वर्षों में साक्षरों की संख्या में लगभग 26.11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह वृद्धि देश के अन्य विकसित राज्यों जैसे मध्यप्रदेश (25.65), पश्चिम बंगाल (23.13), गुजरात (22.24), कर्नाटक (21.86), आन्ध्र प्रदेश (21.86), पंजाब (21.00), महाराष्ट्र (20.90), तमिलनाडु (16.02), एवं केरल (14.48) में इसी अवधि के दौरान दज की गई वद्धि से अधिक है ।

अगर हम राजस्थान के पिछले 80 वर्षों के साक्षरता के आंकड़ों पर नजर डालें तो देखगे कि वर्तमान शतक के प्रारम्भ में 1901 की जनगणना के अनुसार राज्य में साक्षरता दर 3.47 प्रतिशत ही दर्ज की गयी थी जो कि 1981 मे बढ़कर 24.05 प्रतिशत हो गयी है । इस प्रकार गत 80 वर्षों में साक्षरता दर में करीब 20.58 प्रतिशत की शुद्ध वृद्धि हुई । प्रथम 50 वर्षों में वृद्धि केवल 4.55 प्रतिशत ही रही जो कि अपेक्षाकृत निराशाजनक थी । स्वतंत्रता के पश्चात् (1951–81) में किए गये प्रयत्नो के फलस्वरूप साक्षरता दर 24.05 प्रतिशत हो गयी है जो कि 1951 के स्तर से 16.03 प्रतिशत की शुद्ध वृद्धि की प्रदर्शित करती है । इस शताब्दी के प्रथम 50 वर्षो मे यद्यपि साक्षरों की संख्या मे केवल 9.23 लाख व्यक्तियों की ही शुद्ध वृद्धि हुई थी वही पिछले 30 वर्षों मे अर्थात् 1951–81 के दौरान साक्षरों की सख्या मे 69 लाख से अधिक लोगों की वृद्धि हुई है। प्रथम पचास वर्षों की साक्षरों की संख्या से यह संख्या करीब 60 लाख अधिक है। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि इन 69 लाख साक्षरों मे से करीब 32.89 लाख लोग केवल पिछले दस वर्षों मे ही बढ़े हैं।

इस प्रकार जहां एक तरफ राज्य की साक्षरता दर प्रत्येक दशक मे बढ़ती ही रही है वही दूसरी तरफ स्त्रियों व पुरुषों की साक्षरता दरों मे काफी असमानता देखी गई है । राज्य के प्रत्येक भाग में स्त्रियों की साक्षरता दर पुरुषों की साक्षरता से कम रही है । ग्रामीण क्षेत्रों मे

भी यही देखा गया है । नीचे दी जा रही सारणी में इसका तुलनात्मक चित्र प्रस्तुत किया गया है :—

राज्य/जिला	साक्षरता दर					
	ग्रामीण			नगरीय		
	व्यक्ति	पुरुष	स्त्रियां	व्यक्ति	पुरुष	स्त्रियां
राजस्थान . .	17.73	29.24	5.41	47.92	60.02	34.24
1. गंगानगर . .	20.00	30.28	8.50	47.03	56.70	35.39
2. बीकानेर . .	15.12	21.41	3.99	48.97	59.57	37.12
3. चूरू . .	14.34	24.92	3.32	39.16	52.39	25.25
4. झुंझुनूं . .	24.81	41.13	8.28	39.02	54.17	22.35
5. अलवर . .	22.57	35.99	7.76	55.04	66.96	14.14
6. भरतपुर . .	22.02	35.60	5.67	44.44	56.13	30.64
7 सवाई माधोपुर .	19.71	32.47	5.03	43.66	57.98	27.04
8 जयपुर . .	19.78	33.09	5.16	50.78	61.78	38.13
9. सीकर . .	21.90	37.47	5.88	36.92	52.15	20.92
10. अजमेर . .	19.10	31.36	6.23	56.57	67.84	44.05
11. टोंक . .	16.19	26.98	4.64	38.39	51.49	23.92
12. जैसलमेर . .	9.94	16.86	1.64	46.92	61.24	29.04
13. जोधपुर . .	13.47	23.58	2.66	49.53	80.51	37.03
14. नागौर . .	16.36	27.43	4.95	36.12	49.41	32.58
15. पाली . .	17.91	29.55	5.81	39.28	53.59	23.16
16 बाड़मेर . .	9.11	15.83	1.78	42.17	56.93	24.85
17. जालोर . .	11.53	19.59	3.04	39.22	54.22	22.15
18. सिरोही . .	13.42	21.99	4.71	50.09	63.82	34.72
19. भीलवाड़ा .	15.45	24.97	5.42	45.48	58.92	30.64
20. उदयपुर . .	15.72	26.18	5.20	56.66	67.94	44.04
21. चित्तौड़गढ़ .	17.40	28.88	5.45	51.08	64.43	36.08
22. डूंगरपुर . .	15.78	26.48	5.64	56.58	68.07	43.80
23 बांसवाड़ा . .	13.95	22.86	4.97	59.28	69.09	48.12
24 बूंदी . .	14.80	24.17	4.24	45.01	58.53	29.83
25. कोटा . .	22.55	36.38	7.26	52.37	63.87	39.13
26. झालावाड़ .	18.16	29.83	5.62	52.70	64.95	37.11

यद्यपि 1971 की तुलना में अब 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो कि स्पष्टतः एक अच्छी स्थिति है, किन्तु राजस्थान की ग्रामीण जनसंख्या की साक्षरता दर नगरीय साक्षरता दर की तुलना मे अब भी बहुत कम है। ग्रामीण क्षेत्रों मे साक्षरता दर करीब 18 प्रतिशत मात्र ही है । 15 जिलो मे साक्षरता का प्रतिशत इससे भी कम है । सबसे कम प्रतिशत 9.11 बाड़मेर जिले मे है । शेष 11 जिलों में साक्षरता दर राज्य के ग्रामीण औसत से अधिक रही है, इनमे से अधिकतम 24.11 प्रतिशत झंझनूं जिले में प्राप्त हुई है ।

राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में पुरुषों की साक्षरता दर 29.24 प्रतिशत तक पहुंच गयी है (राजस्थान के 15 जिलों में पुरुषों की साक्षरता दर राज्य औसत से अधिक है, इनमे सबसे कम प्रतिशत 29.55 पाली जिले में प्राप्त हुआ है) शेष 15 जिलों मे पुरुष साक्षरता दर राज्य औसत से कम दर्ज की गयी है, इनमे सबसे न्यूनतम साक्षरता 15.83 प्रतिशत बाड़मेर जिले मे दर्ज की गई है ।

राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में स्त्रियों की साक्षरता दर न केवल कम बल्कि निराशाजनक भी रही है । राज्य स्तर पर यह औसत लगभग 5.4 प्रतिशत मात्र रहा है । 12 जिलों मे स्थिति कुछ ठीक रही है तथा इनमे भी सर्वाधिक 8.50 प्रतिशत प्राप्त कर गंगानगर जिला अग्रणी है । 14 जिलों में साक्षरता दर राज्य की औसत दर से भी कम रही है । न्यूनतम प्रतिशत 1.64 जैसलमेर जिले में पाया गया है ।

इसके विपरीत राजस्थान के नगरीय क्षेत्रों से ऊंची साक्षरता दरे प्राप्त हुई हैं । ग्यारह जिलो के नगरीय क्षेत्रों मे 49 प्रतिशत से भी अधिक व्यक्ति साक्षर हैं । इनमें मरु प्रदेश का जैसलमेर जिला तथा जनजातीय जिला बांसवाड़ा सम्मिलित हैं । बांसवाड़ा में साक्षरता का प्रतिशत

59 रहा है जो कि अन्य जिलों से अधिक है । शेष 15 जिले जिनके नगरीय क्षेत्रों में साक्षरता दर कम रही है उनमे गंगानगर, भरतपुर व नागौर सम्मिलित हैं, इनमें से न्यूनतम साक्षरता दर 36.92 प्रतिशत है ।

एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों में सर्वाधिक साक्षरता दर उदयपुर शहर (लगभग 62 प्रतिशत) से प्राप्त हुई हैं तथा द्वितीय स्थान पर इससे थोड़ा ही कम प्रतिशत अजमेर शहर (60.5 प्रतिशत) से प्राप्त हुआ है। नगरीय क्षेत्रों की पुरुष एवं स्त्री जनसंख्या में संबंध में नगरीय पुरुष जनसंख्या की साक्षरता दर करीब 60 प्रतिशत है जो कि नगरीय स्त्री जनसंख्या की साक्षरता दर 34 प्रतिशत से बहुत अधिक है ।

इस विश्लेषणात्मक टिप्पणी के अंत में दी गयी सारिणी 4 जिला स्तर पर ऐसे स्थानों को दर्शाती है जिनमे अधिकतम एवं न्यूनतम साक्षरता दर दर्ज की गयी है । सम्पूर्ण राज्य के सम्बन्ध में विचार करने पर हमें ज्ञात होगा कि जिला स्तर पर अधिकतम साक्षरता अजमेर जिले (35.01) में व न्यनतम साक्षरता दर बाड़मेर जिले में (11.97) रही है। स्त्री एवं पुरुष साक्षरता दर के मामले में भी यही स्थिति रही है । तहसील स्तर पर जयपुर तहसील मे साक्षरता को अधिकतम दर पाई गयी है । जबकि उदयपुर जिले की कोटरा तहसील मे न्यनतम साक्षरता दर रेकार्ड की गयी है । यही स्थिति पुरुष साक्षरता की भी रही है। स्त्रियों की साक्षरता के सम्बन्ध में यद्यपि जयपुर तहसील मे अधिकतम साक्षरता दर प्राप्त हुई है किन्तु न्यूनतम साक्षरता दर बाड़मेर जिले की चोहटन तहसील मे दर्ज को गयी है । यदि हम राज्य के अलग-अलग नगरीय केन्द्रों की साक्षरता दर के सम्बन्ध मे विचार करे तो हमे ज्ञात होगा कि झुन्झुनू जिले के विद्याविहार नगर मे 82.15 प्रतिशत की अधिकतम साक्षरता दर दर्ज की गयी है । जबकि न्यूनतम साक्षरता दर (20.74) प्रतिशत पाली जिले के निमाज नगर से प्राप्त हुई है । स्त्री साक्षरता के सम्बन्ध मे भी यही स्थिति रही है दूसरी ओर अधिकतम पुरुष साक्षरता विद्या विहार नगर मे ही प्राप्त हुई है किन्तु न्यूनतम पुरुष साक्षरता गंगानगर जिले के रावतसर नगर मे रही है।

कार्यरत जनसंख्या

आर्थिक गतिविधियो के सम्बन्ध में सूचनाए एकत्रित करना, देश की जनगणना का एक अविभाज्य अंग माना जाता है किन्तु कार्य और कार्य करने वालों की परिभाषाओं में पिछली जनगणनाओं मे सिद्धान्ततः भिन्नताएं होने के कारण आंकड़ों की अन्तर्जनगणनात्मक तुलना कठिन हो गयी थी। 1981 की जनगणना में आर्थिक प्रश्नों का निर्धारण करते समय इस बात का ध्यान रखा गया था कि इसकी 1961 व 1971 की जनगणनाओं से तुलना संभव हो सके।

1981 की जनगणना में 1971 और 1961 की जनगणनाओं मे अपनाए गये कार्य के सिद्धान्त को ही अपनाया गया है तथा इन जनगणनाओं के पहले की जनगणनाओं के आय व आर्थिक स्वावलम्बन के सिद्धान्त को नहीं अपनाया गया है। किन्तु इस बार कार्यरत व्यक्तियों के वर्गीकरण का सूत्र बदल दिया गया है। 1961 की जनगणना में यदि किसी व्यक्ति ने एक पूरे मौसम में कार्य किया था या जनगणना होने से पूर्व 15 दिनों में यदि एक दिन भी नियमित कार्य किया था तो उसे काम करने वाला माना गया था। 1971 की जनगणना मे इस 15 दिन के समय को कम कर एक सप्ताह कर दिया गया किन्तु कार्य की परिभाषा लगभग वही रही।

1961 और 1971 की जनगणनाओं में अपनाये गये कार्यरत और अकार्यरत जनसंख्या के द्विवर्ग मे सुधार कर 1981 मे मुख्यतः कार्यरत, सीमान्त कार्यरत और अकार्यरत के त्रिवर्ग को अपनाया गया है। इस त्रिवर्ग से कुछ अंश तक 1981 के आंकड़ों की 1971 और 1961 के आंकड़ों से तुलना का मार्ग भी प्रशस्त होता है। इस प्रकार 1981 की मुख्य कार्यरत जनसंख्या की तुलना 1971 की कार्यरत जनसंख्या से तथा 1981 की मुख्य कार्यरत और सीमान्त कार्यरत दोनों की सम्मिलित जनसंख्या की तुलना 1961 की कार्यरत जनसंख्या से की सकती है।

कार्य की परिभाषा के अन्तर्गत किसी भी आर्थिक रूप से उत्पादन गतिविधि मे भाग लेना है चाहे कार्य की प्रकृति शारीरिक व मानसिक किसी भी प्रकार की रही हो। कार्य में केवल वास्तविक कार्य ही सम्मिलित नहीं है, अपितु कार्य का प्रभावपूर्ण पर्यवेक्षण तथा निर्देशन भी सम्मिलित है। इस प्रयोजन के लिए परिगणना संदर्भ तिथि से गत एक वर्ष की सन्दर्भ अवधि निश्चित की गयी। कुछ कार्य ऐसे होते हैं जैसे कृषि और घरेलू उद्योग जो स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए या तो पूरे वर्ष चलते हैं या फिर किसी निश्चित मौसम या वर्ष मे थोड़े-थोड़े समय के लिए किए जाते हैं। इस प्रकार के मामलों में परिगणना से पूर्व के कृषि मौसम के पूरे चक्र की अवधि को मोटे तौर पर विभाजित कर संदर्भ अवधि मान लिया गया है।

यदि 1981 की कार्यरत जनसंख्या और सीमान्त कार्यरत जनसंख्या दोनों की सम्मिलित कार्य सहभागिता दर* 1971 की कार्यरत जनसंख्या एवं अन्य कार्य करने वाली अकार्यरत जनसंख्या की सम्मिलित दर पर विचार करें तो हमें ज्ञात होगा कि राज्य के ग्रामीण एवं नगरीय दोनों क्षेत्रों में 1981 की कार्य सहभागिता दर 1971 मे दर्ज की गई इस दर से अधिक है। किंतु जब हम 1981 की मुख्य कार्यरत जनसंख्या (सीमान्त कार्यरत जनसंख्या के अतिरिक्त) की राज्य स्तर पर 1971 की कार्यरत जनसंख्या से तुलना करते हैं तो हमे ज्ञात होता है कि 1981 मे कुल क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों दोनों की कार्य सहभागिता दर मे थोड़ी सी कमी आई है, वही नगरीय क्षेत्रों की इस दर में वृद्धि हुई है।

पुरुषों की सम्मिलित सहभागिता दर (सीमान्त रूप से कार्यरत जनसंख्या सहित) राज्य स्तर पर थोड़ी सी कम हुई है किंतु स्त्रियों की सहभागिता दर में कुल मिलाकर सभी क्षेत्रों के लिए अच्छी वृद्धि दर्ज की गई है। 1971 में स्त्रियों की कुल कार्य सहभागिता दर 14.05 प्रतिशत के विपरीत 1981 में यह दर 21.15 प्रतिशत हो गई है जिससे पता चलता है कि यह 7 प्रतिशत बढ़ी है जो कि वास्तव में एक स्वस्थ एवं महत्वपूर्ण वृद्धि है। ग्रामीण क्षेत्रों मे यह सहभागिता दर 1971 के 15.98 प्रतिशत से बढ़कर 1981 मे 25.01 प्रतिशत हो गई है (9 प्रतिशत की शुद्ध वृद्धि) तथा नगरीय क्षेत्रों में ये दर 4.81 से बढ़कर 6.14 प्रतिशत हो गई है।

यदि हम 1981 की कार्यरत जनसंख्या मे से सीमान्त कार्यरत जनसंख्या को घटा दे और फिर शेष केवल मुख्य कार्यरत जनसंख्या की तुलना 1971 की कार्यरत जनसंख्या से करे तो हमें ज्ञात होगा कि जहां पुरुषों की कुल कार्य सहभागिता दर मे 2.5 प्रतिशत की थोड़ी सी कमी आई है वही स्त्रियों के मामलें मे यह दर 1971 के 8.34 प्रतिशत से बढ़कर 1981 में 9.44 प्रतिशत हो गई है। इसी प्रकार ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में भी स्त्रियों की सहभागिता दर में एक स्पष्ट बढ़ोतरी को परिलक्षित किया जा सकता है। यह देश की अर्थव्यवस्था मे स्वस्थता की द्योतक है। पुरुष सहभागिता दर में जो थोड़ी सी कमी आई है उसका एक कारण यह भी है कि 1981 में मुख्य एवं सीमान्त कार्यरत जनसंख्या दोनों को कठोरता से समयावधि के वृत्तों मे वर्गीकृत कर दिया गया है।

* जनगणना में प्रयुक्त कार्य सहभागिता दर से तात्पर्य कुल जनसंख्या में कार्यरत जनसंख्या के प्रतिशत से है न कि कुल जनसंख्या में श्रम शक्ति के अनुपात से।

निम्नलिखित विवरण तालिका प्रत्येक जिले की जनसंख्या में से मुख्य एवं सीमान्त कार्यरत जनसंख्या और अकार्यरत जनसंख्या के प्रतिशत विभाजन को दर्शाती है :—

कुल जनसंख्या में मुख्य कार्यरत, सीमान्त कार्यरत और अकार्यरत जनसंख्या का प्रतिशत

जिले का नाम	मुख्य कार्यरत जनसंख्या	सीमान्त कार्यरत जनसंख्या	अकार्यरत जनसंख्या
1	2	3	4
राजस्थान	30.35	6.20	63.45
गंगानगर	29.14	3.63	67.23
बीकानेर	28.85	3.84	67.31
चूरू	29.56	5.84	64.60
झुन्झुनूं	24.45	9.39	66.16
अलवर	26.37	9.46	64.17
भरतपुर	27.18	5.24	67.58
सवाई माधोपुर	28.59	5.39	66.02
जयपुर	29.40	3.36	67.24
सीकर	24.47	6.20	69.33
अजमेर	35.49	3.18	61.33
टोंक	33.91	6.78	59.31
जैसलमेर	31.17	4.29	64.54
जोधपुर	30.54	3.29	66.17
नागौर	33.00	4.83	62.17
पाली	32.06	5.22	62.72
बाड़मेर	31.68	10.09	58.23
जालोर	29.41	5.20	65.39
सिरोही	29.35	5.67	64.98
भीलवाड़ा	38.41	6.31	55.28
उदयपुर	30.17	9.61	60.22
चित्तौड़गढ़	37.86	10.06	52.08
डूंगरपुर	27.21	17.21	55.58
बांसवाड़ा	28.05	14.12	57.83
बून्दी	33.96	3.76	62.28
कोटा	30.08	3.72	66.20
झालावाड़	36.04	3.67	60.29

यह देखा गया है कि राज्य की कुल जनसंख्या का 63 प्रतिशत भाग अकार्यरत है । मुख्य कार्यरत जनसंख्या का भाग 30 प्रतिशत से थोड़ा अधिक है जबकि सीमान्त कार्यरत जनसंख्या कुल जनसंख्या का 6 प्रतिशत ही है । जिला स्तर पर मुख्य कार्यरत जनसंख्या का अधिकतम प्रतिशत (38.41) भीलवाड़ा जिले में रहा तथा न्यूनतम (24.45 प्रतिशत) झुन्झु जिलेनूं में प्राप्त हुआ । इसी प्रकार सीमान्त कार्यरत जनसंख्या का अधिकतम प्रतिशत (17.21) डूंगरपुर जिले में प्राप्त हुआ है तो न्यूनतम (3.18) अजमेर जिले में है । कुल जनसंख्या में अकार्यरत जनसंख्या का अधिकतम अनुपात सीकर जिले मे तथा न्यूनतम चित्तौड़गढ़ जिले में प्राप्त हुआ है ।

कुल कार्यरत जनसंख्या में से कृषि एवं अन्य आर्थिक गतिविधियों मे जनसंख्या के विभाजन को सारणी-5 में बतलाया गया है । यह देखा गया है कि राज्य की कुल कार्यरत जनसंख्या का 62.2 प्रतिशत कृषि मे लगा हुआ है एवं 7.4 प्रतिशत खेतीहर मजदूर के रूप में कार्यरत है, 1971 में यह प्रतिशत क्रमशः 64.9 एवं 9.2 था । 1971 में पारिवारिक उद्योगों में कुल जनसंख्या का 3.4 प्रतिशत लगा हुआ था जबकि 1981 में यह प्रतिशत 3.6 हो गया है । 1971 के 22.3 प्रतिशत के विपरीत 1981 में शेष 26.8 प्रतिशत अन्य उत्पादक एवं आर्थिक गतिविधियों में—यथा पशुपालन, जंगलात, मत्स्य पालन, बागवानी एवं सम्बन्धित गतिविधियों , खनन एवं उत्खनन, विनिर्माण, सेवा एवं मरम्मत के साथ-साथ भवन निर्माण व्यापार एवं वाणिज्य, परिवहन, भंडारण, संचार एवं अन्य सेवाओं में लगे हुए हैं ।

राज्य की कार्यरत एवं अकार्यरत जनसंख्या मे से कार्यरत पुरुष जनसंख्या 49.65 प्रतिशत है जो कि अकार्यरत पुरुष जनसंख्या (49.25 प्रतिशत) से अधिक है ।

कुल पुरुष जनसंख्या में से सीमान्त कार्यरत जनसंख्या 1.11 प्रतिशत ही है । कार्यरत पुरुष जनसंख्या का विभिन्न वर्गीकरणों के अन्तर्गत प्रतिशत इस प्रकार से है–कृषि 61.4 प्रतिशत (1971 मे 65.1), खेतीहर मजदूर 5.9प्रतिशत (1971 में 7.6), पारिवारिक उद्योग 3.7 प्रतिशत (1971 में 3.5), और अन्य आर्थिक गतिविधियों मे 28.9 प्रतिशत (1971 में 23.9) ।

